**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ..............................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**D – 3108**

**PAPER – II**

# LINGUISTICS

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   - (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   - (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   - (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   - (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   - (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   - (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

## LINGUISTICS

### PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) objective type questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

1. The statement "*Linguistic competence is the total knowledge of a language*" is :

   (A) True (B) False (C) Partially true (D) Partially false

2. The Linguistic levels of sentence description are represented. in the following hierarchy.

   (A) Phonological, Morphological, Syntactic, and Semantic

   (B) Semantic, Morphological, Phonological, and Syntactic

   (C) Morphological, Phonological, Syntactic, and Semantic

   (D) Phonological, Syntactic, Semantic, and Morphological

3. Identify the odd one away the following :

   (A) Pictograph (B) Ideograph

   (C) Logograph (D) Calligraphy

4. The concept of 'Langue' 'Parole' distinction was first proposed by :

   (A) Leonard Bloomfield (B) Noam Chomsky

   (C) Ferdinand de Saussure (D) Hermann Paul

5. Phatic Communion means :

   (A) Language used for establishing an atmosphere or maintaining social contact

   (B) Language used for exchanging information or ideas

   (C) Language used for commenting on the weather

   (D) Language used for enquiring about health

# भाषा विज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** यह कथन –

‘भाषिक क्षमता भाषा का संपूर्ण ज्ञान है’

(A) सही है
(B) गलत है
(C) आंशिक सही
(D) आंशिक गलत

**2.** वाक्य वर्णन के भाषिक स्तर निम्नलिखित में से किस अधिक्रम में व्यक्त किए जा सकते हैं?

(A) स्वनिमिक,रुपिमिक, वाक्यगत, अर्थगत
(B) अर्थगत, रुपिमिक, स्वनिमिक, वाक्यगत
(C) रुपिमिक, स्वनिमिक, वाक्यगत, अर्थगत
(D) स्वनिमिक, वाक्यगत, अर्थगत, रुपिमिक

**3.** निम्नलिखित में से जो वर्ग से अलग है, उनकी पहचान कीजिए :

(A) चित्रलेखन
(B) भावलेखन
(C) शब्द् चिह्न लेखन
(D) सुलेख

**4.** लॉग बनाम पेरोल का भेद जिसने सर्वप्रथम प्रस्तावित किया था वे हैं :

(A) लेयोनार्ड ब्लूमफील्ड
(B) नॉम चॉम्स्की
(C) फर्दीनंद द सस्यूर
(D) हर्मन पॉल

**5.** सामाजिक संबोध से तात्पर्य है :

(A) वह भाषा जो परिवेश या सामाजिक संपर्क स्थापित करने में प्रयुक्त होती है।
(B) वह भाषा जो सूचना या विचारों के आदान–प्रदान के लिए प्रयुक्त होती है।
(C) वह भाषा जो मौसम के बारे में टिप्पणी करने के लिए प्रयुक्त होती है।
(D) वह भाषा जो स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए प्रयुक्त होती है।

6. Arbitrariness means :

(A) there is inherent connection between form and its meaning

(B) there is personal connection between form an its meaning

(C) there is no inherent connection between form and its meaning.

(D) None of the above

7. According to "Design features" the system of animal communication is different from human language, because :

(A) Animal do not think

(B) Human language is generative and infinite

(C) Animal communication is imitative

(D) Human language changes over a period of time

8. Match the items in :

| | *List - I* | | *List - II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Language in society | (i) | Ethno-linguistics |
| (b) | Language in culture | (ii) | Psycho-linguistics |
| (c) | Language in mind | (iii) | Historical linguistics |
| (d) | Language change | (iv) | Socio-linguistics |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

9. Idiolect is the :

(A) Speech variety of a single person

(B) Speech variety of a family

(C) Speech variety of a community

(D) Speech variety of persons of a village

6. यादृच्छिकता से तात्पर्य है :

(A) रूप तथा उसके अर्थ में सहजात संबंध

(B) रूप तथा उसके अर्थ में सामान्य संबंध

(C) रूप तथा उसके अर्थ में कोई सहजात संबंध नही

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

7. 'डिजाइन फीचर्स' के अनुसार पशु संप्रेषण की व्यवस्था की भाषा मानव भाषा से भिन्न है, क्योंकि :

(A) पशु सोचते नहीं है।

(B) मानव भाषा प्रजनक एवं असीमित है।

(C) पशु भाषा अनुकरणात्मक है।

(D) मानव भाषा में काल सापेक्ष परिवर्तन होते है।

8. दिए गए मदों को मिलाइए :

| ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | समाज और भाषा | (i) | नृजाति भाषाविज्ञान |
| (b) | संस्कृति और भाषा | (ii) | मनोभाषाविज्ञान |
| (c) | मस्तिष्क और भाषा | (iii) | ऐतिहासिक (कालक्रमिका भाषाविज्ञान) |
| (d) | भाषा परिवर्तन | (iv) | समाज भाषा विज्ञान |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

9. व्यक्ति बोली है :

(A) एक व्यक्ति का वाक् विशेष

(B) एक परिवार का वाक् विशेष

(C) एक समुदाय का वाक् विशेष

(D) एक गाँव के लोगों का वाक् विशेष

**10.** Find the correct pair from the following in terms of the case marking on the noun Rohan :

| | | |
|---|---|---|
| (A) | Rohan's | Dative |
| (B) | to Rohan | Genitive |
| (C) | Rohan | Nominative / Accusatice |
| (D) | Rohan | Ablative |

**11.** Which of the following makes a natural class ?

(A) [ b, m, l, r, s ]
(B) [ p, t, b, k, g ]
(C) [ i, e, y, l, r ]
(D) [ s, z, k, l, n ]

**12.** Formants are an indication of :

(A) Resonance in the pharyngeal chamber
(B) Resonance in the oral chamber
(C) Resonance in the subglottal chamber
(D) Frequency of vibration of vocal cords

**13.** Sounds which do not occur in an identical context are said to be in :

(A) contrastive distribution
(B) non-contrastive distribution
(C) partial distribution
(D) none of the above

**14.** One can distinguish between consonants, vowels, liquid and glides on the basis of :

(A) ± Consonantal and ± vocalic features
(B) ± Sonority and ± syllabicity
(C) ± Consonantal and places of articulation
(D) All the three above

**15.** Neutralization refers, to :

(A) The process of a sound becoming distinctive
(B) Loss of a distinction between two phonemes in a particular environment
(C) Loss of a consonant in the medial position of a word
(D) Loss of phoneme in the word-final position.

10. रोहन संज्ञा के कारक चिन्ह की दृष्टि से निम्नलिखित में से सही युग्म का चयन कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (A) | Rohan's | सम्प्रदान कारक |
| (B) | to Rohan | संबंध कारक |
| (C) | Rohan | कर्त्ता कारक / कर्म कारक |
| (D) | Rohan | अपादान कारक |

11. निम्नलिखित में से सहज वर्ग कौन सा है?

(A) [ b, m, l, r, s ]
(B) [ p, t, b, k, g ]
(C) [ i, e, y, l, r ]
(D) [ s, z, k, l, n ]

12. फार्मेंट व्यक्त करते हैं :

(A) ग्रसनी विवर में अनुनाद
(B) मुख विवर में अनुनाद
(C) अधिश्वासद्वारीय विवर में अनुनाद
(D) घोष तंत्रियों के कंपन की आवृत्ति

13. जो ध्वनियाँ समान संदर्भ में नहीं आती हैं वे निम्नलिखित में से किस वितरण में कहलाती हैं :

(A) व्यतिरेकी वितरण
(B) अव्यतिरेकी वितरण
(C) आंशिक वितरण
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

14. व्यंजनों, स्वरों, तरल स्वनों तथा श्रुति में इस आधार पर भेद किया जा सकता है :

(A) ± व्यंजनात्मक तथा ± स्वरात्मक अभिलक्षण
(B) ± मुखरता तथा ± आक्षरिक
(C) ± व्यंजनात्मक तथा उच्चारण स्थान के आधार पर
(D) उपर्युक्त सभी तीनों के आधार पर

15. निर्भेदीकरण (Neutralization) संकेत करता है :

(A) ध्वनियों के भेदीकरण की प्रक्रिया
(B) किसी विशेष परिवेश में दो स्वनिमों के विभेदीकरण के लक्षणों का लोप
(C) शब्द की मध्य स्थिति में व्यंजन का लोप
(D) शब्द की अंत्यस्थिति में स्वनिम का लोप

**16.** State which one of the following statement is correct :

(A) Plosives, fricatives, and nasals are continuants

(B) Plosives, fricatives, and affricates are sonorants

(C) Semivowels, laterals and nasals are sonorants

(D) Vowels, laterals, and semivowels are consonants

**17.** One can distinguish between p, t, k, on the basis of :

(A) Voicing and aspiration

(B) Place of articulation

(C) Manner of articulation

(D) Level of acoustic energy

**18.** Morphologically conditioned alternations are :

(A) always regular

(B) always irregular

(C) sometime regular

(D) sometime irregular

**19.** Endocentric, exocentric, appositional and copulative are the types of :

(A) Simple words

(B) Complex words

(C) Compound words

(D) Free morphemes

**20.** Identify the odd-one among the following :

(A) Affixation

(B) Compounding

(C) Reduplication

(D) Counting

**21.** *Rohan wants to win the game* is a case of a/an :

(A) Exceptional Case Marking (ECM) construction

(B) Control construction

(C) Raising construction

(D) Pro-drop construction

16. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है :

(A) स्फोटक, संघर्षी, नासिक्य प्रवाही होते हैं।

(B) स्फोटक, संघर्षी तथा स्पर्श संघर्षी मुखरित होते हैं।

(C) अर्धस्वर, तालव्य तथा नासिक्य मुखरित होते हैं।

(D) स्वर, तालव्य तथा अर्धस्वर व्यंजन होते हैं।

17. पी.टी.के. में, इनमें से किस आधार पर भेद किया जा सकता है?

(A) घोषत्व तथा प्राणत्व
(B) उच्चारण स्थान के आधार पर
(C) उच्चारण प्रयत्न
(D) ध्वनिक ऊर्जा के स्तर पर

18. रुपिमिक सोपाधिक परिवर्तन क्या हैं?

(A) सदा नियमित
(B) सदा अनियमित
(C) कभी-कभी नियमित
(D) कभी-कभी अनियमित

19. endocentric, exocentric, appositional तथा copulative (dvandv) किस प्रकार के शब्द् है :

(A) सरल शब्द
(B) मिश्र शब्द
(C) सामासिक शब्द
(D) मुक्त रुपिम

20. निम्नलिखित में से जो वर्ग से अलग है उसकी पहचान कीजिए :

(A) प्रत्ययीकरण
(B) समासीकरण
(C) पुनरुक्ति
(D) गणनीय

21. *Rohan wants to win the game* इनमें से किस प्रकार की रचना है :

(A) अपवाद कारक चिह्न रचना (ई सी एम)

(B) नियंत्रित रचना

(C) उत्थापन रचना

(D) सर्वनाम (pro) लोप रचना

**22.** Identify the name of the transformation from the following pair of sentences :

(i) *Rohan watched the movie*

(ii) *The movie was watched by Rohan*

(A) Passivization (B) Reflexivization

(C) Pronominalization (D) Raising

**23.** The concept of *'parameters'* in grammatical theory means :

(A) The principles that interact to derive grammatical expressions

(B) To exceptions to particular rules of grammar

(C) The limited number of ways in which a particular language differs from UG

(D) The peripheral use of language by native speakers

**24.** Select the right answer for the following sentence :

*For Waheeda to like Geeta is surprising*

(A) *Waheeda* gets Nominative and *Geeta* gets Accusative Case

(B) *Waheeda* gets Accusative and *Geeta* gets Nominative Case

(C) *Waheeda* gets Accusative and *Geeta* gets Accusative Case

(D) *Waheeda* gets Nominative and *Geeta* gets Nominative Case

**25.** In the sentence *Can John go home* ? the transformation involved is :

(A) Subject-Auxiliary Inversion

(B) NP-movement

(C) Auxiliary-movement

(D) wh-movement

**26.** According to the Indian grammatical tradition, the term *aakhyata* is equivalent to :

(A) Verbs (B) Prepositions (C) Nominals (D) Adverbials

**22.** निम्नलिखित वाक्य युग्मों के लिए रूपान्तरण नियम का नाम बताइए :

(i) *Rohan watched the movie*

(ii) *The movie was watched by Rohan*

(A) वाच्चीकरण (B) निजवाचीकरण

(C) सर्वनामीकरण (D) उत्थापन

**23.** व्याकरणिक सिद्धान्त में प्राचल (पैरामीटर) की संकल्पना से तात्पर्य है :

(A) वे सिद्धान्त जिनकी परस्पर प्रक्रिया से व्याकरणिक अभिव्यक्ति उत्पन्न होती है।

(B) व्याकरण के विशिष्ट नियमों के अपवाद

(C) वे कुछ सीमित प्रकार जिनके कारण भाषा विशेष सार्वभौमिक व्याकरण से भिन्न है।

(D) मातृ भाषी द्वारा भाषा का अतिरिक्त प्रयोग।

**24.** दिए गए वाक्य के लिए सही उत्तर का चयन कीजीए :

*For Waheeda to like Geeta is surprising*

(A) वहीदा कर्त्ता कारक में तथा गीता कर्म कारक में है।

(B) वहीदा कर्म कारक में तथा गीता कर्त्ता कारक में है।

(C) वहीदा कर्म कारक में तथा गीता कर्म कारक में है।

(D) वहीदा कर्त्ता कारक में तथा गीता कर्त्ता कारक में है।

**25.** वाक्य *Can John go home ?* में निम्नलिखित में से कौन सा रूपान्तरण है :

(A) कर्ता-सहायक क्रिया क्रम विपर्यय (सब-ऑक्स-इनवर्जन)

(B) संज्ञापदबंध चलन (एन पी मूवमेंट)

(C) सहायक क्रिया चलन (ऑक्स मूवमेंट)

(D) प्रश्न चलन (डब्ल्यू एच मूवमेंट)

**26.** भारतीय व्याकरणिक परम्परा के अनुसार *आख्यात* शब्द के समतुल्य है :

(A) क्रिया (B) पूर्वसर्ग (सम्बन्ध बोधक)

(C) संज्ञार्थक (D) क्रियाविशेषण

**27.** In the sentence *I saw a man with binoculars* :

(A) There is no ambiguity

(B) There is lexical ambiguity

(C) There is structured ambiguity

(D) There is phonological ambiguity

**28.** Identify the stative sentence from the following :

(A) Rice was eaten by Mohan

(B) Mohan likes rice

(C) Mohan ate rice

(D) Ravi is running

**29.** Identify a non-diectic expression among the following :

(A) That book

(B) Come here !

(C) I am smart

(D) The book

**30.** Which of the following pairs is ***correctly*** matched ?

(A) Different words that are pronounced the same way - - - Homographs

(B) Multiple meanings of a word which are related historically or conceptually - - - Polysemy

(C) Words that spelled the same but pronounced differently - - - Homonym

(D) Words that are spelled the same but have different meanings - - - Heteronym

**31.** Wave Model was propounded by :

(A) Hugo Schuchardt

(B) Johannes Schmidt

(C) Karl Brugmann

(D) Ferdinand de Saussure

27. दिए गए वाक्य में *I saw a man with binoculars* :

(A) कोई बहुअर्थकता नहीं है।

(B) शब्दिक बहुअर्थकता है।

(C) संरचनात्मक बहुअर्थकता है।

(D) स्वनिमिक बहुअर्थकता है।

28. निम्नलिखित में से स्थिती सुचक वाक्य की पहचान कीजिए :

(A) Rice was eaten by Mohan

(B) Mohan likes rice

(C) Mohan ate rice

(D) Ravi is running

29. निम्नलिखित में से नॉन–डायक्टिक (Non-diectic) अभिव्यक्ति की पहचान कीजिए :

(A) That book

(B) Come here !

(C) I am smart.

(D) The book

30. निम्नलिखित युग्मों में कौन सा ***सही*** मिलता है :

(A) एक तरीके से उच्चरित विभिन्न शब्द - - - समलेखीम

(B) एक शब्द जो ऐतिहासिक और संकल्पनात्मक की दृष्टि अनेकार्थी हो - - - अनेकार्थकता

(C) वर्तनी की दृष्टि से समान परन्तु उच्चारण की दृष्टि भिन्न शब्द - - - समनामिता

(D) वर्तनी की दृष्टि से समान परन्तु अर्थ की दृष्टि से भिन्न शब्द - - - विषमार्थकता

31. तरंग मॉडल किसने प्रतिपादित किया :

(A) ह्यूगो शूहार्ट

(B) जोहान्स स्मिथ

(C) कार्ल ब्रुगमान

(D) फर्दिनेंद द सस्यूर

**32.** Match the following hypotheses / concepts with their respective proposers from the given codes :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Lexical diffusion | (i) | William Labov |
| (b) | Exceptionless sound change | (ii) | Murray B. Emeneau |
| (c) | Social motivation of sound change | (iii) | William S-Y. Wang |
| (d) | India as a Linguistic Area | (iv) | Karl Brugmann and Hermann Osthoff |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**33.** Match the items of **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List - I*** | | ***List - II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Loan words | (i) | where the meaning is borrowed and the form is native |
| (b) | Loan blends | (ii) | where both form and meaning are borrowed |
| (c) | Loan shifts | (iii) | where meaning is borrowed but only part of form is borrowed |
| (d) | Calques | (iv) | where the forms in the borrowed irons are translated |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

32. निम्नलिखित प्राक्कल्पनाओं / संकल्पनाओं को नीचे दिए गए कोड की सहायता से उनके प्रस्तावकों के नामों से मिलाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | शाब्दिक विसरण | (i) | विलियम लेबॉव |
| (b) | अपवाद रहित ध्वनि परिवर्तन | (ii) | मूर्रे बी एमीन्यू |
| (c) | ध्वनि परिवर्तन के सामाजिक प्रेरक | (iii) | विलियम एस. वाई. वांग |
| (d) | भारत एक भाषिक क्षेत्र के रूप में | (iv) | कर्ल ब्रुगमान तथा हर्मन ओथोफ |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

33. **सूची I** में दिए गए मदों को **सूची II** से मिलाइए तथा नीचे दि गए कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | ***सूची I*** | | ***सूची II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | आगत शब्द | (i) | आगत भाषा से अर्थ ग्रहण किया जाता है शब्द का रूप मूल भाषा का होता है। |
| (b) | आगत मिश्र शब्द | (ii) | शब्द का रूप और अर्थ दोनों आगत भाषा से ग्रहण किए जाते हैं। |
| (c) | आगत अर्थ परिवृत्ति | (iii) | आगत भाषा से अर्थ तथा शब्द के रूप का कूछ अंश ही ग्रहण किया जाता है। |
| (d) | आगत अनुवाद | (iv) | आगत तत्व के रूप का यथावत अनुवाद किया जाता है। |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**34.** The influence exercised by our sound segment upon the articulation of another so that the sounds become identical or similar is known as :

(A) split (B) merger (C) assimilation (D) dissimilation

**35.** An irregular paradigm is made regular by the process of :

(A) Sound change
(B) Borrowing
(C) Analogy
(D) Morphophonemic change

**36.** The word *morphophonemics* changing into *morphonemics* is a case of :

(A) Assimilation
(B) Metathesis
(C) Dissimilation
(D) Haplology

**37.** The concept of linguistic typology is based on :

(A) inherited features found in languages
(B) Common features found in same language
(C) Common features found in most of the languages
(D) Universal features of languages

**38.** Match the items in **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List - I*** | | ***List - II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Kurux | (i) | Indo-Aryan |
| (b) | Maithili | (ii) | Dravidian |
| (c) | Santhali | (iii) | Tibeto-Burman |
| (d) | Bodo | (iv) | Austro-Asiatic |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**34.** एक ध्वनि जब दूसरी ध्वनि के उच्चारण पर प्रभाव डालती है जिससे दोनों ध्वनियाँ समान हो जाती हैं। यह कहलाता है :

(A) विखंडन (B) विलयन

(C) समीकरण (D) विषमीकरण

**35.** अनियमित रूपावली को इन में से कौन सी प्रक्रिया द्वरा नियमित किया जा सकता है :

(A) ध्वनि परिवर्तन (B) आदान

(C) सादृश्यता (D) रूपस्वनिमिक परिवर्तन

**36.** *morphophonemics* शब्द का *morphonemics* में परिवर्तन उदाहरण है :

(A) समीकरण (B) विपर्यय

(C) विषमीकरण (D) समाक्षर लोप

**37.** भाषा-प्ररूप की संकल्पना इनमें से किस पर आधारित है :

(A) भाषा में मिलने वाले अंतर्निहित अभिलक्षण

(B) उसी भाषा में मिलने वाले सामान्य अभिलक्षण

(C) भौगोलिक क्षेत्र की अधिकांश भाषाओं में मिलने वाले सामान्य अभिलक्षण

(D) भाषाओं के सार्वभौमिक अभिलक्षण

**38.** **सूची I** के मदों का **सूची II** से मिलाइए तथा नीचे दिए गए कोड की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| ***सूची I*** | | ***सूची II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | कुरूख | (i) | आर्यभाषा |
| (b) | मैथिली | (ii) | द्रविड़ भाषा |
| (c) | संथाली | (iii) | तिब्बती-बर्मी भाषा |
| (d) | बोडो | (iv) | आस्ट्रो- एशियाटिक भाषा |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**39.** Select the correct answer from the options given below :

(A) All the Indo-Aryan languages have sentences-initial complementizers

(B) All the Tibeto-Burman languages have sentence-final complementizers

(C) Some Dravidian languages have sentence-initial complementizers

(D) Some Indo-Aryan languages have both sentences-initial and sentence-final complementizers.

**40.** In which of the following languages is reflexivity expressed through nominal anaphors and reflexives ?

(A) Bangla (B) Malayalam

(C) Khasi (D) Oriya

**41.** The speech variety of a particular individual is :

(A) Idiolect (B) Sociolect

(C) Dialect (D) None of the above

**42.** Diglossia is found in :

(A) The Arab world, Greece, German-speaking Switzerland and Haiti

(B) Mauritius, Haiti, Greece, and Switzerland

(C) Switzerland, Greece, Tanzania, and Antigua

(D) The Arab world, Switzerland, Germany and Greece

**43.** Gradular or sudden move from the use of one language to another is called :

(A) Language maintenance (B) Language shift

(C) Language change (D) Language variation

39. दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) सभी आर्य भाषाओं में *पूरक* वाक्य के आरंभ में होता है।

(B) सभी तिब्बती–बर्मी भाषाओं में *पूरक* वाक्य के अंत में होता है।

(C) कुछ द्रविड़ भाषाओं में *पूरक* वाक्य के आरंभ में होता है।

(D) कुछ आर्य भाषाओ में *पूरक* वाक्य के आरंभ तथा अंत दोनों स्थितियों में होता है।

40. निम्नलिखित में से किस भाषा में निजवाचीकरण संज्ञार्थक अन्वादेश (अनाफॉरा) तथा क्रियार्थक निजवाचक दोनों के द्वारा व्यक्त किया जाता है।

(A) बंगाली (B) मलयालम

(C) खासी (D) उड़िया

41. किसी व्यक्ति-विशेष के भाषा भेद को कहते है :

(A) व्यक्ति बोली (B) समाज बोली

(C) बोली (D) उपर्युक्त में से कोई नही

42. भाषा–द्वैत पाया जाता है :

(A) अरब देश, ग्रीस, स्विटज़रलैंड का जर्मन–भाषियों का भाग तथा ह्याति में

(B) मौरिशस, ह्याति, ग्रीस, स्विटज़रलैंड में

(C) स्विटज़रलैंड, ग्रीस, तंजानिया, एंटीगुआ में

(D) अरब देश, स्विटज़रलैंड, जर्मन, ग्रीस में

43. एक भाषा के स्थान पर दूसरी भाषा का क्रमिक तथा आकस्मिक प्रयोग कहलाता है :

(A) भाषा - अनुरक्षण (B) भाषा परिवृत्ति

(C) भाषा परिवर्तन (D) भाषा भेद

**44.** Match the items in **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| | ***List - I*** | | ***List - II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | *Language of the Inner city* | (i) | Charles Ferguson |
| (b) | *Diglossia* | (ii) | William Labov |
| (c) | *Sociolinguistics : A brief introduction* | (iii) | Ralph Fasold |
| (d) | *The Sociolinguistics of language* | (iv) | Joshua Fishman |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**45.** When two languages come into contact with each other, and influence each other, with out any role of power and prestige relationship, that influence is called :

(A) Superstratal influence
(B) Adstratal influence
(C) Substratal influence
(D) Multistratal influence

**46.** Terms *'Baby talk'* and *'motherese'* mean :

(A) What the babies say and what the mothers say in the process of language acquisition
(B) What the babies speak in the process of acquisition of language
(C) What the mothers say to the babies in the process of acquisition of language
(D) The mother-tongue as acquired by the children from their mothers

**47.** By *'vernacular'* William Labov refers to the variety which is :

(A) a sub-standard variety
(B) a regional standard variety
(C) a variety used in day-to-day conversation
(D) a standard variety

44. **सूची I** में दिए गए मदों को **सूची II** में दिए गए मदों से मिलाइए तथा नीचे दिए गए कोड की सहायता से सही उत्तर दीजिए :

| | ***सूची I*** | | ***सूची II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | *Language of the Inner city* | (i) | चार्ल्स फर्ग्यूसन |
| (b) | *Diglossia* | (ii) | विलियम लबाव |
| (c) | *Sociolinguistics : A brief introduction* | (iii) | राल्फ फासओल्ड |
| (d) | *The Sociolinguistics of language* | (iv) | जोसुआ फिशमॅन |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

45. जब दो भाषाएँ एक दूसरे के संस्पर्श में आती है तथा सत्ता प्रतिष्ठा के संबंधों की भूमिका के बिना एक-दूसरे पर प्रभाव डालती है तो इस प्रकार के प्रभाव को कहा जाता है :

(A) उपरितल प्रभाव
(B) निकटतल प्रभाव
(C) अघस्तल प्रभाव
(D) बहुतल प्रभाव

46. बाल भाषा (बेबी टॉक) तथा मातृ वाक् (मदरीज़) का मतलब है :

(A) भाषा अधिगम प्रक्रिया में जो बच्चा और माँ बोलती है तथा
(B) भाषा अधिगम प्रक्रिया में बच्चा जो बोलता है।
(C) भाषा अधिगम प्रक्रिया में माँ जो बच्चे से बोलती है।
(D) बच्चे अपनी माँ जो जिस भाषा का अधिगम करते है।

47. 'जनभाषा (वर्नाकूलर) से विलियम लेबाव के अनुसार भाषा-भेद है :

(A) अवमानक भाषा भेद
(B) क्षेत्रीय मानक भाषा भेद
(C) दैनिक वार्तालाप में प्रयुक्त भाषा भेद
(D) मानक भाषा भेद

**48.** Match the following in ***List - A*** and ***List - B*** :

| | ***List - A*** | | ***List - B*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Prescription | (i) | drill methods |
| (b) | Structuralism | (ii) | function oriented communication |
| (c) | Cognitive hypothesis | (iii) | grammar methods of teaching |
| (d) | Sociolinguistics | (iv) | learner centred approaches |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**49.** Dyslexia is a reading disability which happens due to :

(A) Exposure to many languages in early stages of learning

(B) Lack of exposure to more than one language

(C) Genetic disorders

(D) Neurological disorders

**50.** A book on all fields of human knowledge is :

(A) Dictionary (B) Thesaurus

(C) Encyclopaedia (D) Glossary

- o O o -

48. निम्नलिखित **सूची A** और **सूची B** को मिलाइए :

| | *सूची - A* | | *सूची - B* |
|---|---|---|---|
| (a) | अनुशासनवाद | (i) | अभ्यास पद्धति |
| (b) | संरचनावाद | (ii) | प्रकार्यात्मक संप्रेषण उपागम |
| (c) | संज्ञानात्मक प्राक्कल्पना | (iii) | भाषा शिक्षण की व्याकरणिक विधि |
| (d) | समाज भाषा विज्ञान | (iv) | शिक्षार्थी केंद्रित उपागम |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

49. "अपठन" (Dyslexia) पठन आघात है जो निम्नलिखित में से किस कारण से होता है?

(A) अधिगम के प्रारंभिक स्तर पर बहुत-सी भाषाओं से संपर्क रखना

(B) एक से अधिक भाषा से संपर्क का अभाव

(C) आनुवंशिक विकार

(D) स्नायविक विकार

50. मानव ज्ञान के सभी क्षेत्रों की पुस्तक :

(A) कोश

(B) थिसॉरस

(C) विश्वकोश

(D) शब्दावली

- o O o -

**Space For Rough Work**